

DR. (SMT.) SULAGITTI NARASAMMA

Dr. (Smt.) Sulagitti Narasamma is a name synonymous with the safe delivery of babies in Indian villages.

2. Born on June 16, 1920 in T.N.Pete, Dr. Narasamma hails from untouchable family. Her father name is Shri Kadirappa and mother name is Smt. Bhavamma. She has rendered 1500 deliveries in the rural masses. She rendered deliveries for the persons belong to all casts and also vagabonders / nomadic people. She guided hundreds of midwives in learning delivery work for the past seven decades. Although she is illiterate, right from the youthful days, she can know the pulse of the baby in the womb. She can tell the delivery date of the pregnant woman. She gives Ayurvedic medicines for Asthma and post delivery problems.

3. Dr. Narasamma has received several honours and awards. She received Vayoshreshta Samman, National Award from Govt. of India in 2013, Kannada Rajyotsava Award from Govt. of Karnataka in 2013, Honorary Doctorate from Tumkur University in 2014, D. Devaraj Urs Award from Govt. of Karnataka in 2012, Kittur Rani Chennamma Award from Govt. of Karnataka in 2013, Murugha Sri Award from Murugha Mutt in 2014 and more Awards from State Govt. and various awards from NGO and organizations.



डॉ. (श्रीमती) सूलगित्ति नरसम्म

डॉ. (श्रीमती) **सुलगित्ति** नारासम्मा को भारत के गांवों में बच्चों का सुरक्षित प्रसव कराने वाली "दाई अम्मा" के प्रचलित नाम से जाना जाता है।

2. आपका जन्म 16 जून, 1920 में टी. एन. पेटे में हुआ था, आप एक अनटचेबल परिवार से संबंध रखती है। आपके पिता का नाम श्री कादिरप्पा है और आपकी माता श्रीमती भावम्मा जी हैं। आपने ग्रामीण जनसमुदाय में 1500 सुरक्षित प्रसव कराए हैं। आपने हर जाति के परिवार में और यहां तक कि आपने घुमन्तू/खानाबदोस जनजातियों से संबंधित लेागों के यहां भी प्रसव कराने में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। पिछले सात दशकों से आपने प्रसव कार्य सिखाने में सैकड़ों दाइयों का मार्गदर्शन भी किया है। हालांकि, आप निरक्षर हैं, तथापि, अपने युवाकाल से ही आप इस प्रक्रिया में इतनी माहिर हो गई हैं कि आप गर्भ में भी शिशु की नाड़ीगति को जान सकती हैं। आप किसी भी गर्भवती महिला के प्रसव की तारीख भी बता सकती हैं। आप अस्थमा और प्रसवोपरांत समस्याओं के उपचार की संबंधित आयुर्वेदिक दवाइयां देने का भी काम करती हैं।

3. आपको अनेक सम्मानों और पुरस्कारों से नवाजा गया है। आपको वर्ष 2013 में भारत सरकार की ओर से वयोश्रेष्ठ सम्मान, नेशनल अवार्ड, वर्ष 2013 में ही कर्नाटक सरकार की ओर से कन्नड राज्योत्सव अवार्ड, वर्ष 2014 में तुमकुर विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि, वर्ष 2012 में कर्नाटक सरकार से डी. देवराज उर्स अवार्ड, वर्ष 2013 में कर्नाटक से कित्तूर रानी चेन्नम्मा अवार्ड, वर्ष 2014 में मुरुघा मठ से मुरुघा श्री अवार्ड तथा राज्य सरकार से और भी बहुत सारे अवार्ड तथा गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य संगठनों से विभिन्न प्रकार के अवार्ड प्राप्त हुए हैं।